संक्षिप्त

बालक की तालाब में डूबने से मौत

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पुराना फुलेरा पांच बत्ती चौराहे के निकट बकरी चरा रहे एक बालक की पानी के तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी देते हुए थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि उक्त घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात ज्ञात हुआ कि मोटिया पुत्र सोनाराम जाति बावरिया 11 वर्ष निवासी दोबडी पुलिस थाना सांभरलेक हाल निवासी पांच बत्ती के पास फुलेरा। वहीं रोड के पास बकरियां चरा रहा था। इसी बीच पास में भरे हुए पानी में बच्चे नहा रहे थे। इस दौरान गहरे पानी में डूबने से उक्त बालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आगे बताया कि शव को उपजिला चिकित्सालय पर लाया गया। जहां पर शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई गई।

बजरी से भरी दो पिकअप जब्त

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी हुई दो पिकअप को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएसपी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरी हुई दो पिकअपों को जब्त किया है। पुलिस ने जब्त वाहनों को मय बजरी के पुलिस थाना परिसर में खडा करवा दिया है।

आंगनबाड़ी बच्चों को ड्रेस बांटी

पीपलू, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के पंचायत बनवाडा के आंगनबाडी केन्द्र द्वितीय पर प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं गोद भराई कराई गई। आंगनबाडी के सभी बच्चों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच गिर्राज प्रजापत, आंगनवाडी कार्यकर्ता रिंकू खटीक, आशा सहयोगिनी हंसा जांगिड, अभिभावक रामस्वरूप प्रजापत, कमलेश चंदेल व हनुमान प्रजापत सहित कई लोग मौजूद थे।

धरना 15वें दिन भी रहा जारी

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानांतरित किये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना मंगलवार को लगातार 15 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढाणी रामनगर के निवासी लोगों ने श्री ध्यान जी तपोस्थली में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। धरने पर गिरिराज भारती, किशनलाल स्वामी, रोहित स्वामी, तुलसी स्वामी, विक्रम सैन, चंद्रशेखर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गिरधारी सैन, अतुल शर्मा समेत महिलायें मौजूद रही।

उपेन ने अस्पताल का निरीक्षण किया

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने शाहपुरा सरकारी अस्पताल का एक बार फिर से निरीक्षण किया। उपेन यादव ने बताया कि जब तक जनता को पूरी तरह राहत नहीं मिल जाती और जब तक सारी अव्यवस्थाएं दूर नहीं हो जाती तब तक लगातार हॉस्पिटल का निरीक्षण करता रहूंगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को निरीक्षण के समय लाइट गुल मिली जिसको तत्काल अधिकारियों से बात करके शुरू करवाई।

जांगिड़ समाज की बैठक आज

निवाई, (निसं)। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण समाज तहसील सभा निवाई के तत्वावधान में हुए पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड दामोदरपुरा बासडा की अध्यक्षता में श्रीविश्वकर्मा मंदिर में आयोजित होगी। महेंद्र सीलक ने बताया कि बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा जांगिड ब्राह्मण समाज पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय व्यय की विवरणिका समाज के सामने पेश की जाएगी।

एक दिवसीय शिविर संपन्न

टोंक, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड टोंक कार्यकारिणी सभा में स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य (से. नि. आईएएस) ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधियां बालक बालिकाओं में सेवा भावना का विकास करती है। उन्होंने पौधारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, कौशल विकास इत्यादि गतिविधियों के सतत् आयोजन की बात कही।

अलवर में जगन्नाथ मेले की तैयारी, कलेक्टर ने ली बैठक

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के कलेक्ट्रेट सभागार में 14 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्री जगन्नाथ महाराज मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि श्री जगन्नाथ जी महाराज की रथयात्रा 15 जुलाई को सांय 6 बजे सुभाष चौक से रूपबास के लिए प्रस्थान करेगी अत: संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को श्री जगन्नाथ जी महाराज मेले के अवसर पर कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम, विद्युत विभाग, पुलिस, बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संयुक्त टीम द्वारा रथ यात्रा के निर्धारित मार्ग में अतिक्रमण व आ रहे केबल तारों का चिन्हिकरण कर तुरंत हटवाएँ।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि यात्रा मार्ग पर आवश्यकतानुसार पेडों की कटाई-छंटाई करावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर चिकित्सा दल की ड्यूटी लगाये तथा रथ यात्रा के साथ मेडिकल टीम मौजूद रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि मेला अवधि के दौरान संयुक्त टीम का गठन कर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता का ध्यान रखे। उन्होने आरयूआईडीपी, सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर विकास न्यास के अधीशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए कि रथयात्रा मार्ग पर सडक की मरम्मत से संबंधित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करायें। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जगन्नाथ मंदिर पुराना कटला से रूपबास तक निकाली जाने वाली जगन्नाथ महाराज की रथयात्रा के मार्ग व मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जयजा लिया। उन्होंने मंदिर में जाकर भगवान जगन्नाथ जी महाराज की पूजा-अर्चना कर जिले की खुशहाली की कामना की। बैठक में एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त बजरंग सिंह, डीटीओ सुरेश यादव, एसडीएम अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, डीएसओ मानसिंह मीना, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक अभियन्ता एम.एल मीना, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, नगर विकास न्याय के अधिशासी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव, तहसीलदार तनु शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक शहर नारायण सिंह, सरस डेयर के महाप्रबंधक राकेश विजय सहित संबंधित अधिकारी व जगन्नाथ मंदिर के महन्त पं.धर्मेन्द्र शर्मा, मेला कमेटी के सचिव देवेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर आशीष गुप्ता एवं एसपी आनन्द शर्मा ने रथयात्रा के मार्ग व मेला स्थल का निरीक्षण किया।

- जगन्नाथ महाराज की रथयात्रा 15 जुलाई को सांय 6 बजे प्रस्थान करेगी

मेहता ने बस को हरी झंडी दिखाई

टोंक, (निसं)। भाजपा टोंक जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने टोंक से साँवरिया सेठ बस सेवा जो टोंक की बहुप्रतीक्षत मांग थी, के शुरू होने पर राजस्थान रोडवेज की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेहता ने बस के चालक और परिचालक का भी माला पहनाकर स्वागत किया। बस सेवा के शुरू होने से टोंक से धार्मिक स्थल साँवरिया सेठ जाने वाले श्रृद्धालुओं को काफी सुविधा हो गई है, ये बस सेवा नियमित रूप से दोपहर 12.15 पर टोंक से रवाना होगी। रोडवेज प्रबंधन द्वारा इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मेहता का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर चीफ मैनेजर नंदकिशोर मीणा, प्रबंध संचालक राजेंद्र प्रसाद, प्रबंधक वित्त पियूष, प्रबंधक प्रशासन शिवनारायण चौधरी, रमेश गढवाल, पूर्व प्रधान खैमराज मीणा, पार्षद बादल साहू, अजय राज बना, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, गोपाल बाज्या, गौरव चारण, पार्षद अमजद अली, सीताराम चावला, हकीकत राय सौदा, नरेन्द्र अजमेरा, प्रियवीर सिंह गिरधारी नकवाल, तारिक अजीज, मुकेश यादव, गुल्लु, हसीन खान हीरालाल महावर दिलीप सिंधी, रामावतार, सुरेन्द्र मेहरा अदि मौजूद रहे।

पेड़ लगाने के साथ सार संभाल जरूरी : सुमेधानंद

खाटूश्यामजी, (निसं)। किसान गौ सेवा समिति एवं पशुपालन विभाग सीकर द्वारा एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ जामुन का पेड लगाकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति का मूल है और गाय विश्व की माता है। गाय का महत्व वहीं व्यक्ति समझता है जो गाय की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड लगाने के साथ ही पेड की सेवा आवश्यक है। पेड की सेवा बच्चे की तरह करनी पडती है। पेड नहीं बचेंगे तो पर्यावरण संरक्षण कैसे होगा। इसलिए पेड लगाओ। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग दीपक अग्रवाल, भाजपा नेता पवन पुजारी, ग्यारसी लाल जाट, बाबूलाल जाखड, खेताराम कुमावत, नपा उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। इससे पूर्व गौशाला में रामदास रामूका, बाबूलाल रामूका की स्मृति में नवनिर्मित श्री कृष्णा गौ आवास का लोकार्पण फीता काटकर किया गया और अतिथियों ने गौ दर्शन कर गौशाला की तमाम व्यवस्थाओं तथा गायों की सेवा के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान भामाशाह नन्द किशोर रामुका, भामाशाह सीताराम हरनाथका, रामेश्वर खाचरिया का शॉल ओढाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश हरनाथका, मंत्री महावीर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश पारीक, अंकित पटवारी, मिलन खंडेलवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कैलाश चन्द्र शर्मा, छोटूराम शेरावत, हरिप्रसाद चंदनिया, सोहनलाल निठारवाल, सरदार पूनिया, गिरीराज माटोलिया, रूपनारायण वशिष्ठ, बनवारी पूनिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा पारीक ने किया। अंत में भाजपा नेता पवन पुजारी ने धन्यवाद भाषण दिया।

भामाशाह नंद किशोर रामुका व सीताराम हरनाथका, रामेश्वर खाचरिया का शॉल ओढा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

मनोहरपुर, (निसं)। ग्राम देवीपुरा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों व नवप्रवेश को लेकर ग्राम पंचायत में रैली निकाली। विद्यालय में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। संस्था प्रधान लालचंद बेनीवाल ने बताया कि विद्यालय देवीपुरा से रैली लगभग 5 किलोमीटर में देवीपुरा, बिचपुरी, भानीपुरा, ढाणी रेडान, स्वामीपूरा, प्रधानों की ढाणी, से विद्यालय तक निकाली गई। विद्यार्थियों के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। अध्यापक सीताराम यादव ने बताया कि सम्मान समारोह में कक्षा 12 में अक्षिता प्रजापत 91.67 प्रतिशत ने प्रथम स्थान व कक्षा 10 में हिना प्रजापत 86 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय लगातार कई वर्षों से सत प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है। इस मौके पर महिमानंद पलसानिया, महेश शर्मा, मनोज कुमावत, भागु सिंह, प्रहलाद सहाय, आशा स्वामी, इंद्राज, बाबूलाल सैनी, जयसिंह टेलर, बाबूलाल शर्मा, रामस्वरूप जाट, शीला अग्रवाल, राधेश्याम आदि अध्यापक व ग्रामीण मौजूद रहे।

गोदाम से चोरी करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। पुलिस ने गोदाम से चोरी करने के 5 आरोपियों को पांच घंटे में ही गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को एसिस्टेंट मैनेजर गोगरिम वेयर हाउस मिश्रीलाल पुत्र घासीलाल गुर्जर निवासी सिरोही ने मामला दर्ज करवाया था कि वनस्थली मोड पर रीको इंड्रस्टीज एरिया में स्थित उनकी गोदाम में 8 हजार 370 चना व अन्य जिन्स के कट्टे रखे हुए थे। 6 जुलाई की रात को 2-3 मोटरसाईकिलों पर सवार होकर आए 6-7 युवकों ने गोदाम का ताला तोडकर गोदाम में से करीब 100 कटटे पिकअप में भरकर चुराकर ले गए। यह वारदात फेक्ट्री में लगे सीसीटीवी केमरे में केद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू करते हुए 24 घंटे में ही 5 आरोपियों दीपककुमार मीणा पुत्र भरतराम मीणा निवासी भाकरी तन वीर तेजाजी नगर पुलिस थाना प्रागपुरा जिला कोटपुतली, युवराजसिंह शेखावत पुत्र जयवीरसिंह निवासी प्रागपुरा ढाणी केरोडी तन राजनोता जिला कोटपुतली, रतनलाल मीणा प्रहलाद मीणा निवासी कोठ्या वाली ढाणी वीर तेजाजी नगर जिला कोटपुतली, राजेश गुर्जर पुत्र कल्याण निवासी भौम्याजी की ढाणी तन मंडा जिला कोटपुतली व दीपककुमार मीणा पुत्र बोधनलाल मीणा निवासी झाकडी थाना थानागाजी जिला अलवर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गोदाम से चोरी करने के 5 आरोपियों को पांच घंटे में ही गिरफ्तार किया।

निरीक्षण में डॉक्टर सहित नर्सिंग ऑफिसर ड्यूटी से नदारद मिले

तिजारा, (निसं)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत कुमार डागर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमीराका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर मनोज कुमार यादव खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी तिजारा मौजूद रहे।

इस दौरान डॉक्टर राकेश कुमार मीणा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमीराका एवं डॉक्टर मस्तराम मीणा बिना किसी सक्षम अनुमति के प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिवस पर अनुपस्थित पाए गए। लैब टेक्नीशियन राहुल उपस्थित था लेकिन हस्ताक्षर पुस्तिका में हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। पूनम नर्सिंग ऑफिसर 2 जुलाई एवं 6 जुलाई को अनुपस्थित थी जिनको स्पष्टीकरण चिकित्सा अधिकारी प्रभारी दिया गया था लेकिन पुन: हस्ताक्षर कर दिए गए है। राहुल व कृष्णकांत नर्सिंग ऑफिसर अनुपस्थित मिला। साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया था जिसके लिए पूर्व में भी निर्देशित किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमीराका के अधीन लगभग 5000 से अधिक की जनसंख्या सीधे तौर पर जुडी हुई है तथा यहां पर विगत माह की डिलीवरी होनी थी वह लगभग 125 है लेकिन इसके बावजूद यहां पर केवल पिछले तीन माह में केवल एक ही प्रसव कराया गया है। संस्था प्रभारी को ड्यूटी रोस्टर बनाकर संस्था को 24 X7 चलाने हेतु निर्देशित किया गया था किंतु आज भी व्यवस्था में किसी प्रकार का कोई सुधार नही मिला तथा स्वयं चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई लाई जा रही है।

- तीन माह में केवल एक ही प्रसव, ड्यूटी रोस्टर नहीं पाया
- हमीरका स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

बीएल चेरिटेबल ट्रस्ट मालपुरा ब्लॉक में लगायेगा एक लाख पौधे

मालपुरा, (निसं)। पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने व घटती वन सम्पदा से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिये बीएल चेरीटेबल ट्रस्ट की और से मालपुरा ब्लॉक में 1 लाख पौधे लगाने के महाअभियान का मंगलवार को सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा के खेल मैदान पर समारोह पूर्वक शुभारम्भ हुआ।

जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया महाअभियान के कार्यक्रम संयोजक व भामाशाह बीएल चौधरी, एसडीएम कपिल शर्मा, एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र मीणा, तहसीलदार राहुल पारीक, कृषि विभाग सहायक निदेशक डॉ. महेश कुमार,परम पूज्या साध्वी सुभद्रा ने अभियान के प्रथम चरण में 11 हजार पौधों का नि:शुल्क वितरण कर आमजन को ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने तथा अपनी संतान के समान उसके लालन-पालन का संदेश दिया। टोंक जिले के सबसे बडे विशाल पौधरोपण अभियान के शुभारम्भ समारोह में मुख्य वक्ता साध्वी सुभद्रा ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाना वर्तमान समय की महत्ती आवश्यकता है। विश्व में बढती जनसंख्या व बढते तापमान के चलते आज पर्यावरण असंतुलित हो गया है। यही कारण है कि आये दिन ग्लोबल वार्मिंग व भूस्खलन जैसी घटनाऐं हो रही है।

कार्यक्रम संयोजक व भामाशाह बीएल चौधरी ने इस महाअभियान के उदेश्य से अवगत करवाते हुये बताया कि क्षेत्र में ट्रस्ट द्वारा आमजन के सहयोग से 1 लाख नि:शुल्क पौधो का वितरण किया जायेगा साथ ही पौधों को लगाने के साथ-साथ उनके व्यस्क होने तक देखभाल करने वाले वृक्षपालक को उपहार स्वरूप प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये दिये जायेगें।

प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क पौधों का वितरण व 6 महीने तक उनकी मॉनेटरिंग की जायेगी। इस दौरान पंचायत विकास अधिकारी सतपाल कुमावत व अन्य अतिथियो ने बीएल चौधरी के इस अभियान व संकल्प की सराहना करते हुये हर आमजन को अभियान से जुडने की अपील की। समारोह पश्चात खेल मैदान पर अतिथियो ने अपने हाथो से विभिन्न किस्मों के 101 पौधे लगाकर मौजूद विधार्थियों व आमजन को पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन रमाकांत पाठक ने किया।

नि:शुल्क पौधे व संदेशप्रद टी-शर्ट का वितरण किया।

- अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ, 11 हजार पौधे बांटे

सार-समाचार

वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

टोंक, (निसं)। ब्रह्माकुमारीज के वृक्षवंदन कार्यक्रम के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा निवाई एवं रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय निवाई के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा की पर्यावरण और आध्यात्म का बहुत गहरा सम्बन्ध है। भारतीय संस्कृति पर्यावरण के साथ बहुत नजदीकी से जुडी हुई है। हमारी जीवनशैली सदा ही पर्यावरण मित्र शैली रही है, जो कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य स्वत: करती है, परन्तु वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गये है जिससे प्रकृति तथा आध्यात्म का समन्वय भी बिगड गया है। उसका परिणाम आज प्रकृति के पांचों तत्वों का विध्वंसक रूप भी देखने को मिल रहा है। वास्तव में प्रकृति यह सन्देश दे रही है कि अब यह जागने का समय है। प्रकृति के साथ सम्बन्ध जोडकर उसे देवतुल्य मानने की परम्परा को इस आधुनिक युग में भी जीवित रखने की अति आवश्यकता है।

पावटा में चोरी की घटनाओं से भय

पावटा, (निसं)। कस्बे व आसपास के क्षेत्र में चोरी, बाइक चोरी, वाहन चोरी की वारदात में लगातार बढोतरी हो रही है लेकिन पुलिस तमाशबीन बनी है। चोरी की इन घटनाओं से क्षेत्रवासियों के मन में भय है। वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कुछ दिन पहले पावटा कस्बे के ग्राम भूरी भडाज धालेहडा निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र हरचंद यादव ने बताया कि पावटा कस्बे के मुख्य बाजार से उसकी बाइक चोरी हो गई। वही पावटा निवासी महेश खण्डेलवाल ने बताया कि पावटा लाखुडी में खडी बाइक चोरी हो गई। वही सुरेश कुमार यादव पुत्र धल्लाराम यादव निवासी कुनेड ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि 6 जुलाई 2024 शनिवार को ट्रक ड्राइवर भैरूराम स्वामी पुत्र रामचंद्र स्वामी निवासी भूरी भडाज ढाणी मेहतावाली सुबह चार बजे के करीब अपने घर के पास ट्रक खडा कर सो रहा था। ट्रक में जीपीएस भी लगा हुआ है जिसकी सुबह 4.27 के बाद की लोकेशन भी नहीं मिली। जब सुबह करीब 5 बजे ड्राइवर भैरूराम स्वामी ने उठकर देखा तो ट्रक गायब मिला। उसने काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसे शक है कि उसका ट्रक चोरी किया गया है। इस पर ट्रक मालिक सुरेश कुमार यादव ने ट्रक चोरी की प्रागपुरा थाना पुलिस को शिकायत दी है। जहाँ प्रागपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंगोत्री के लिए रवाना होगा दल

पावटा, (निसं)। बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिंध्य में बुधवार को गंगाजल लाने के लिए कावड यात्रियों का एक जत्था पावटा से गंगोत्री व 19 जुलाई शुक्रवार को एक जत्था पावटा से हरिद्वार के लिए रवाना होगा। जानकारी देते हुए बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा, कावड प्रभारी मामराज स्वामी, विनोद सैन, गंगाधर मीणा, जमन राठी, पवन सैनी, ने बताया कि बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिंध्य मे आज बुधवार को कावड यात्रियों का दल शाम 5 बजे बाबा भूतनाथ की पूजा अर्चना करके पावटा से गंगोत्री व 19 जुलाई शुक्रवार को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा। वही गंगोत्री व हरिद्वार से गंगाजल भरकर 31 जुलाई बुधवार को वापस पावटा आगमन पर 1 अगस्त गुरुवार को विशाल कावड शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा पहुंचेगी। वही 2 अगस्त शुक्रवार को बाबा भूतनाथ का गंगा जल से जलाभिषेक किया जायेगा। वही बाबा भूतनाथ कमेटी पदाधिकारियो ने कावड यात्रा में जाने वाले शिव भक्तो से गंगोत्री व हरिद्वार जाने के लिए कावड प्रभारियों से अपना अपना पंजीयन करवाने की बात कहीं। वही गौरतलब है कि भूतनाथ कमेटी पावटा द्वारा विगत 28 वर्षो से हरिद्वार से पैदल चलकर पावटा गंगाजल कावड यात्रा आती है। उसी गंगाजल से कावडियों, शिव भक्तों व ग्राम जनता द्वारा बाबा भूतनाथ का अभिषेक किया जाता है।

विचार संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता आयोजित

बौंली -बामनवास, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई बौंली द्वारा लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी सहित अन्य लाइब्रेरियों पर राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर विचार संगोष्ठी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर सहमंत्री पुरुषोत्तम गौड ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी में पढने वाले छात्रों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख अंसार अहमद खलीफा एवं नगर अध्यक्ष आशीष राजोरा ने विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस से लेकर वर्तमान तक राष्ट्रिहत में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया एवं कहा कि विद्यार्थी परिषद वर्ष में 365 दिन छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रवेश परीक्षा परिणाम में सुचिता लाने के लिए संघर्ष करती है। नगर उपाध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर ने बताया कि विद्यार्थी कल का नहीं आज का नागरिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर सैनी ने की इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैयूब खान द्वितीय स्थान दानिश खान व तृतीय स्थान अभिषेक गुर्जर ने प्राप्त किया जिन्हें कार्यकारिणी द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया।

कारागार परिसर में किया पौधरोपण

सिकराय, (निसं)। सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने मंगलवार को श्यालावास केंद्रीय कारागार परिसर में कार्यकर्ताओं व कारागार के कार्मिकों के साथ परिसर में पौधरोपण किया। विधायक विक्रम बंशीवाल ने परिसर में छायादार पौधे लगाएं वही विधायक विक्रम बंशीवाल ने पौधारोपण के बाद कारागार के प्रभारी से कैदियों के भोजन पानी व रखरखाव के बारे में जानकारी ली। विधायक विक्रम बंशीवाल का कारागार के कार्मिकों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। विधायक विक्रम बंशीवाल ने वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को अधिक अधिक पौधारोपण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण स्वच्छ और उसका संरक्षण हो सके। इस दौरान पांचोली सरपंच गुलाब सिंह बैरवा, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री मुकेश सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

ग्राम पवाना अहीर में पेयजल किल्लत

कोटपूतली, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम पवाना अहीर में नेक कार्य का बड़ा उदाहरण सामने आया है। जहाँ सामाजिक कार्यकर्ता अमित मेहता अपने ताऊ ओमप्रकाश हवलदार की प्रेरणा से विगत दो माह से निजी खर्चे से प्रतिदिन पांच टैंकर पानी की आपूर्ति कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो महीने में भीषण गर्मी को देखते हुए गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत हो रही थी, जिसके कारण ग्रामवासी अत्यधिक परेशान थे। इस संकट की घडी में गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता अमित मेहता ने अपने निजी खर्चे से रोज पांच टैंकर गांव के प्रत्येक मोहल्ले में भिजवाने का कार्य किया है जो निरन्तर जारी है। गांव के सेठ गोकुल चंद ने बताया कि गांव के युवा अमित मेहता की इस पहल से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है, सभी ग्रामवासियों ने इस कार्य की प्रशंसा की है।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

श्रीमाधोपुर, (निसं)। मंदिर श्री मुरली मनोहर जी के महंत मोहनदास जी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनिर्मित मंदिर दरबार में भगवान श्री मुरली मनोहर जी की प्रतिष्ठा की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 10 जुलाई बुधवार को प्रात: 8.15 बजे से कलश यात्रा, प्रात: 10.15 बजे से संगीतमय मंडप पूजन , शाम 5:15 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा शाम 7.15 बजे से हवन पूजन का कार्यक्रम होगा वही 11 जुलाई गुरुवार को प्रात: 6.15 बजे से महाभिषेक व संस्कार, 7. 15 बजे से मूर्ति स्थापना, 8.15 बजे से श्रृंगार व छप्पन भोग , दोपहर 12.15 बजे से उत्तर पूजा, दोपहर 1.15 बजे से पूर्णाहुति एवं महा आरती तथा शाम को 5.15 बजे से महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजको ने क्षेत्र वासियों से सभी कार्यक्रमों में स परिवार को पधारने का आग्रह किया है।